The members may please note that the Board of Directors of the Company in their meeting held on Tuesday, 23rd May, 2023 recommended a Dividend of Re. 1/- per equity share of face value of Rs. 10/- each (i.e. 10%) for the Financial Year 2022-23, subject to the approval of the members in the ensuing 36th Annual General Meeting of the Company. The said Dividend, if approved will be paid to Members whose name appears in the Register of Members on **Saturday, 12th August, 2023 (Record Date)**.
The Dividend will be paid electronically to those shareholders who have registered their bank account details and in case of non-availability of the bank details of members, the Company shall dispatch the dividend warrant / other payment instrument to such members in permissible mode at their registered addresses.
Members are requested to register/update their complete bank details by submitting duly signed Form ISR-1 (available on the website of the Company at **www.hbstockholdings.com**) along with supporting documents to the Registrar and Share Transfer Agent, RCMC Share Registry Private Limited at B-25/1, First Floor, Okhla Industrial Area, Phase-II, New Delhi-110020 or by e-mail at **investor.hb@rcmcdelhi.com** if the shares are held in Physical Mode and by submitting required forms and documents with their Depository Participants (DPs) with whom they maintain their demat accounts, if the shares are held in dematerialised form.
As per the Income Tax Act, 1961, as amended by the Finance Act, 2020, dividend paid or distributed by the Company as or after 01st April, 2020 shall be taxable in the hands of the Members. The Company shall therefore be required to deduct tax at source (TDS) at the time of making payment of the said Dividend.

For **HB Stockholdings Limited**
**Sd/-**
**REEMA MIGLANI**
**(Company Secretary)**
**M. No.: ACS-45762**
**Date : 15th July, 2023**
**Place : Gurugram**

# फीकी पड़ रही क्यूएसआर फर्मों की चमक

## विश्लेषकों का मानना है कि वित्त वर्ष 2023 की सुस्त मार्च तिमाही का रुझान जून तिमाही में भी बरकरार रह सकता है

राम प्रसाद साहू
मुंबई, 16 जुलाई



**क्यूएसआर** — चौथी तिमाही के आंकड़े करोड़ रुपये में

| कंपनियां | एसएसजी (फीसदी) | बिक्री (करोड़ रु.) | सालाना बदलाव (फीसदी | तिमाही बदलाव (फीसदी) | एबिटा (करोड़ रु.) | सालाना बदलाव (फीसदी) | तिमाही बदलाव (फीसदी) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जुबिलैंट फूडवर्क्स | -0.6 | 1,252 | 8.1 | -4.9 | 252 | -13.0 | -13.0 |
| देवयानी इंटरनैशनल** | 1.9/-3.2 | 755 | 27.8 | -4.5 | 150 | 7.8 | -13.4 |
| सैफायर फूड्स** | 2/-4 | 560 | 12.8 | -6.0 | 98 | -5.2 | -15.9 |
| वेस्टलाइफ फूडवर्ल्ड | 14.0 | 543 | 22.5 | -10.7 | 92 | 26.2 | -16.7 |
| रेस्टोरेंट ब्रांड्स एशिया | 8.3 | 514 | 28.6 | -2.3 | 27 | 35.3 | -7.9 |

*एसएसएसजी : सेम स्टोर सेल्स ग्रोथ
स्रोत : मिरे एसेट कैपिटल मार्केट्स (इंडिया)
** देवयानी व सफायर के एसएसएसजी केएफसी/पिज्जा हट के हैं

वित्त वर्ष 2023 की जनवरी-मार्च अवधि के कमजोरी तिमाही प्रदर्शन और सुस्त अल्पावधि परिदृश्य को ध्यान में रखकर कई ब्रोकरों ने वेस्टलाइफ फूडवर्ल्ड को छोड़कर क्विक-सर्विस रेस्टोरेंट (क्यूएसआर) कंपनियों के लिए आय अनुमान घटाने पर जोर दिया है। ब्रोकरों ने वित्त वर्ष 2024 और वित्त वर्ष 2025 के लिए इन कंपनियों के लिए अपने आय अनुमान 10 प्रतिशत तक घटाए हैं।

आय अनुमानों में कटौती ने उन सूचीबद्ध कंपनियों के प्रदर्शन को और ज्यादा प्रभावित किया है जिन्होंने पिछले महीने के दौरान एक अंक के कमजोर प्रतिफल के साथ बाजार की तुलना में फीका प्रदर्शन किया।

इससे पहले, इन शेयरों ने बर्गर किंग फ्रैंचाइजी रेस्टोरेंट ब्रांड्स एशिया (आरबीए) के नेतृत्व में अप्रैल-मई अवधि के दौरान बड़ी तेजी दर्ज की थी। इन शेयरों में दो अंक का प्रतिफल दर्ज किया गया। वित्त वर्ष 2024 की अप्रैल-जून तिमाही प्रदर्शन के अलावा, धीमे सुधार और मार्जिन दबाव से अब इन शेयरों की चाल प्रभावित हो सकती है। वित्त वर्ष 2023 की सुस्त मार्च तिमाही का रुझान जून तिमाही में भी बरकरार रह सकता है।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के विश्लेषक नवीन त्रिवेदी ने कहा है, 'वित्त वर्ष 2023 की दूसरी छमाही में कमजोरी के बाद वित्त वर्ष 2024 की पहली छमाही में वृद्धि के कई मानक कमजोर रहने का अनुमान है।'

मार्च तिमाही में, पिज्जा हट और केंटुकी फ्रायड चिकन (केएफसी) फ्रैंचाइजी, देवयानी इंटरनैशनल (देवयानी) और सैफायर फूड्स इंडिया ने वित्त वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में कमजोर सेम-स्टोर सेल्स ग्रोथ (एसएसएसजी) और मार्जिन दबाव के साथ खराब प्रदर्शन किया।

दो कंपनियों के लिए कुल राजस्व वृद्धि काफी हद तक स्टोरों के विस्तार पर केंद्रित रही, भले ही एसएसएसजी पर दबाव बना रहा।

कोटक सिक्योरिटीज का कहना है कि सालाना आधार पर दो अंक की वृद्धि के साथ समान हालात वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में रह सकते हैं।

> **इन कंपनियों को कमजोर मांग के साथ साथ मार्जिन पर दबाव का सामना करना पड़ रहा है**

वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में देवयानी की 28 प्रतिशत राजस्व वृद्धि को स्टोर संख्या में 33 प्रतिशत इजाफा होने से मदद मिली, भले ही मांग परिवेश कमजोर रहा। जहां केएफससी के लिए एसएसएसजी 2 प्रतिशत तक थी, वहीं पिज्जा हट के लिए इसमें 3 प्रतिशत की गिरावट आई।

घटती बिक्री और कमजोर परिचालन दक्षता के अलावा दूध और पनीर जैसे उत्पादों की ऊंची कीमतों से इन दो कंपनियों का मुनाफा प्रभावित हुआ। सैफायर के प्रबंधन का मानना है कि ऊंची मुद्रास्फीति से ग्राहकों द्वारा कम खरीदारी किए जाने और इस वजह से औसत बिल वैल्यू में कमी आने को बढ़ावा मिला है। साथ ही इससे कमजोर गुणवत्ता की बिक्री मिश्रण और खराब मार्जिन की समस्या भी बढ़ी है।

जहां दो फ्रैंचाइजी की केएफसी का रेस्तरां परिचालन मार्जिन 110-220 आधार अंक घट गया, वहीं पिज्जा हट के लिए यह तिमाही आधार पर 490-530 आधार अंक गिर गया। कमजोर मांग परिवेश के बावजूद, दोनों कंपनियां अपने नए स्टोर खोलने और विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने में सफल रही हैं।

जहां देवयानी की मध्यम एक अंक की एसएसएसजी वृद्धि और 300 स्टोर वृद्धि का अनुमान बरकरार है, वहीं सैफायर 5-7 प्रतिशत एसएसएसजी और 130-160 स्टोरों की सालाना विस्तार योजना पर आगे बढ़ रही है।

आईआईएफएल में विश्लेषक पर्सी पंथाकी का कहना है कि अपने वित्त वर्ष 2025 के परिचालन लाभ के मुकाबले 18 गुना की उद्यम वैल्यू पर सैफायर के लिए मूल्यांकन देवयानी के 31 गुना की तुलना में कम है।

सबसे बड़ी सूचीबद्ध कंपनी जुबिलेंट फूडवर्क्स के लिए एलएफएल (लाइक-फॉर-लाइक) अनुमानों के मुकाबले बेहतर रही है, हालांकि यह काफी हद तक सपाट बनी रही, जिससे खपत में सुस्ती का संकेत मिलता है। जहां 8 प्रतिशत राजस्व वृद्धि स्टोर बढ़ने की वजह से हासिल हुई, वहीं दो अंक की ऑर्डर वृद्धि कंपनी के लिए सकारात्मक थी। 200-225 डोमिनोज स्टोर और 30-35 पोपीज स्टोर खोलकर अपना नेटवर्क बढ़ा रही इस कंपनी ने संकेत दिया है कि मांग में तुरंत सुधार नहीं दिखेगा। कमजोर बिक्री वृद्धि के अलावा, मुद्रास्फीति दबाव से भी परिचालन मुनाफा मार्जिन सालाना आधार पर 490 आधार अंक तक प्रभावित हुआ।

प्रभुदास लीलाधर रिसर्च के शोध विश्लेषक अमनीश अग्रवाल ने जुबिलेंट फूडवर्क्स के लिए प्रति शेयर आय अनुमान वित्त वर्ष 2024 के लिए 9.5 प्रतिशत तक घटा दिया है और शेयर में ताजा तेजी के बाद अपनी रेटिंग भी 'बाय' से घटाकर 'एक्यूमलेट' कर दी है।

जेएम फाइनैंशियल रिसर्च का मानना है कि जिन दो कंपनियों ने एसएसएसजी मोर्चे पर वृद्धि दर्ज की, वे हैं आरबीए और वेस्टलाइफ। जहां आरबीए के लिए एसएसएसजी 8.3 प्रतिशत रही, वहीं वेस्टलाइफ के लिए यह आंकड़ा 14 प्रतिशत रहा। जेएम फाइनैंशियल के विश्लेषक मेहुल देसाई का मानना है कि जहां आरबीए प्रबंधन वित्त वर्ष 2024 के लिए 10 प्रतिशत एसएसएसजी की उम्मीद कर रहा है, वहीं वित्तीय प्रदर्शन पिछले अनुमानों के अनुरूप नहीं है। ब्रोकरेज फर्म ने आरबीए के लिए ने 'होल्ड' रेटिंग दी है।






### बाजार हलचल

## पीएसयू शेयर बिक्री पर निवेशकों का रुख सकारात्मक

जून में केंद्र सरकार कोल इंडिया के करीब 4,200 करोड़ रुपये के शेयर बेचने में कामयाब रही, जो इस वित्त वर्ष का पहला अहम विनिवेश था। शेयर बिक्री को पेश शेयरों के मुकाबले ज्यादा मांग का समर्थन मिला। सरकारी स्वामित्व वाले संस्थानों मसलन एलआईसी के लिए सरकारी विनिवेश के दौरान बड़ी बोली लगाना आम है। हालांकि इस बार मामला अलग था। कोल इंडिया की तरफ से जारी हालिया शेयरधारिता पैटर्न से पता चलता है कि देश की सबसे बड़ी खनन कंपनी में एलआईसी की हिस्सेदारी ओएफएस के पहले व बाद में 11 फीसदी के स्तर पर बरकरार रही। ऐसे में शेयर बिक्री में निवेशकों की वास्तविक मांग देखने को मिली। एक निवेश बैंकर ने कहा, पीएसयू को लेकर सेंटिमेंट सकारात्मक हो गया है। आकर्षक मूल्यांकन को देखते हुए कुछ निवेशक पीएसयू शेयरों पर दांव लगाने को इच्छुक हैं। सरकार को इस मौके का इस्तेमाल अपने विनिवेश कार्यक्रम के लिए करना चाहिए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सभी पीएसयू का प्रदर्शन परिचालन के स्तर पर सुधरे।

*संकलन : समी मोडक और खुशबू तिवारी*

## कल्याण ज्वैलर्स में तेजी बरकरार रहने के आसार

**कल्याण** ज्वैलर्स के शेयर में बड़ी तेजी ने कई विश्लेषकों को चकित कर दिया है, हालांकि उनका मानना है कि इस शेयर में अभी और तेजी देखी जा सकती है, क्योंकि त्रिशूर की यह स्वर्ण रिटेलर अपने नए ऐसेट-लाइट नेटवर्क विस्तार मॉडल की दिशा में तेजी से बढ़ रही है। कंपनी का शेयर पिछले महीने में 62 प्रतिशत चढ़ गया, जबकि बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स में महज 5 प्रतिशत की तेजी आई। अपने ताजा बिजनेस अपडेट में, कंपनी ने कहा है कि उसकी समेकित बिक्री सालाना 31 प्रतिशत के साथ अनुमान की तुलना में ज्यादा बढ़ी है, क्योंकि उसे स्वर्ण कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद घरेलू मजबूत बिक्री से मदद मिली।

इसके अलावा कंपनी ने तिमाही के दौरान 12 नए शोरूम खोलकर तेज नेटवर्क विस्तार किया और इसके साथ ही उसके कुल स्टोरों की संख्या बढ़कर 159 हो गई। वारबर्ग पिंकस समर्थित इस कंपनी ने दीवाली से पहले अन्य 20 स्टोर खोलने की योजना बनाई है। नेटवर्क विस्तार को ध्यान में रखते हुए विश्लेषक यह भरोसा जता रहे हैं कि कंपनी मजबूत विकास ही राह पर बढ़ रही है।

एचएसबीसी ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है, कल्याण ज्वैलर्स का शेयर पिछले तीन महीनों के दौरान 56 प्रतिशत चढ़ा है, क्योंकि उसे राजस्व में लगातार वृद्धि और नेटवर्क विस्तार से मदद मिली। कंपनी मजबूत राजस्व वृद्धि, नकदी स्तर में सुधार, सकारात्मक बाजार धारणा, और निरंतर वृद्धि से शानदार प्रदर्शन करने में सफल रही है। *बीएस*

## कम लागत और ज्यादा मार्जिन से मिलेगा तेल विपणन कंपनियों को सहारा

शुभायन चक्रवर्ती
नई दिल्ली, 16 जुलाई

**कच्चे** तेल की कम लागत और ज्यादा विपणन मार्जिन से वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में तेल विपणन कंपनियों की किस्मत चमक सकती है, वहीं सिटी गैस वितरक कंपनियों को एलएनजी की कम हाजिर कीमतों का फायदा मिल सकता है।

हालांकि ऊर्जा क्षेत्र के विभिन्न सेगमेंट में वृद्धि की प्रवृत्ति विगत के मुकाबले अलग रह सकती है। विश्लेषकों का अनुमान है कि अपस्ट्रीम राष्ट्रीय तेल व गैस कंपनियों मसलन ओएनजीसी व ऑयल इंडिया के लिए गैस उत्पादन से आय घट सकती है, जिसकी वजह 1 अप्रैल से लागू देसी गैस कीमत की नई व्यवस्था है।

वित्त वर्ष 23 की पहली छमाही में भारी नुकसान दर्ज करने के बाद ओएमसी का विपणन मार्जिन धीरे-धीरे चार महीने में रिकवर हो गया। विश्लेषकों को उम्मीद है कि ओएमसी के नतीजे परिचालन के स्तर पर बेहतर हो सकते हैं, जिसकी वजह वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही में बेचे गए ईंधन पर 8-9 रुपये प्रति लीटर के ब्लैंडेड मार्जिन के कारण विपणन लाभ में हुई रिकवरी है, जो वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही में 3 रुपये प्रति लीटर रही थी।

विश्लेषकों का अनुमान है कि अपेक्षाकृत कम सकल रिफाइनिंग मार्जिन (जीआरएम) के बावजूद ओएमसी का मार्जिन ज्यादा रहेगा। जीआरएम का मतलब प्रति बैरल कच्चे तेल को रिफाइंड ईंधन में बदलने से रिफाइनर को मिलने वाला लाभ है। बेंचमार्क सिंगापुर जीआरएम वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही में औसतन 4.1 डॉलर प्रति बैरल रहा, जो वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही में 8.2 डॉलर प्रति बैरल रहा था।

साल 2022 में रिफाइंड उत्पादों की आपूर्ति घटी, जिसकी वजह रूसी तेल की आपूर्ति में अवरोध और चीन से कम पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात थी। इससे जीआरएम तेजी से बढ़कर 25.2 डॉलर प्रति बैरल की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। इससे भारतीय रिफाइनरों ने अपनी आय में बढ़ोतरी देखी।

लेकिन पिछले साल के आखिर में मॉस्को ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में आपूर्ति बढ़ाई ताकि यूक्रेन से अपने युद्ध के लिए रकम का इंतजाम कर सके। इस वजह से जीआरएम तेजी से घटा। हालांकि भारतीय तेल विपणन कंपनियों की तरफ से रूस से छूट पर तेल हासिल करना जारी है।

प्रभुदास लीलाधर ने एक रिपोर्ट में कहा, रिफाइनिंग लाभ हालांकि कम रहेगा, लेकिन विपणन मार्जिन में सुधार से तेल विपणन कंपनियों का पहली तिमाही में कर पश्चात लाभ 242.7 अरब रुपये पर पहुंच जाएगा, जो चौथी तिमाही में 211.2 अरब रुपये रहा था। इस बीच, देसी गैस की लागत में नरमी, हाजिर एलएनजी की कीमतों में गिरावट और अल्पावधि के लिए एलएनजी की कम कीमतें सिटी गैस वितरक कंपनियों का कर पश्चात लाभ 25 फीसदी तक बढ़ा सकता है।

### गैस उत्पादकों को परेशानी

राष्ट्रीय तेल कंपनियों मसलन ओएनजीसी व ओआईएल उत्पादन वॉल्यूम बनाए रख सकती हैं, लेकिन गैस से उन्हें कीमत कम मिलेगी क्योंकि गैस की कीमतें 6.5 डॉलर प्रति एएमबीटीयू पर सीमित रखी गई है। ऐसे में इन कंपनियों का परिचालन मार्जिन 36 फीसदी घट सकता है और शुद्ध आय सालाना आधार पर 51 फीसदी कम हो सकती है। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने हालिया नोट में ये बातें कही है।

### बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

कॉर्पोरेट कार्यालय : सेरेब्रम आईटी पार्क, बी2 बिल्डिंग, 5वाँ तल, कल्याणी नगर, पुणे, महाराष्ट्र-411014,
शाखा कार्यालयः - सर्किल पहली मंजिल, मारुति कॉम्प्लेक्स, बांसवाड़ा रोड कलेक्टर कार्यालय के पीछे, मोहन कॉलोनी, बांसवाड़ा, राजस्थान 327001

**कब्जा सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(4), प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(1) के तहत (परिशिष्ट-IV)

जैसा कि, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत मैसर्स बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (बीएचएफएल) का अधिकृत प्राधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में अधोहस्ताक्षरी ने कथित सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का पुनर्भुगतान करने को कहते हुए निम्नलिखित कर्जदार(रों)/सह-कर्जदार(रों)/जमानती(यों) को मांग सूचना जारी की। कर्जदार(रों)/सह-कर्जदार(रों)/जमानती(यों)के राशि के पुनर्भुगतान में असफल होने के कारण, एतद्वारा कर्जदार(रों)/सह-कर्जदार(रों)/जमानती(यों) तथा जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने मैसर्स बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड की ओर से कथित नियमों के नियम 8(1) के साथ पठित कथित अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति पर कब्जा कर लिया है। विशेष रूप से कर्जदार(रों)/सह-कर्जदार(रों)/जमानती(यों) तथा जनसामान्य को एतद्वारा निम्नलिखित कथित सम्पत्ति के साथ संव्यवहार न करने की चेतावनी दी जाती है और कथित सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार यहां नीचे उल्लिखित राशि तथा उस पर भावी ब्याज के लिए बीएचएफएल के प्रथम प्रभार का विषय होगा।

| कर्जदार(रों)/जमानती(यों) के नाम (लैन नं., शाखा का नाम) | प्रतिभूत आस्ति का विवरण (अचल सम्पत्ति) | मांग सूचना की तिथि तथा राशि | कब्जा करने की तिथि |
|---|---|---|---|
| शाखाः बांसवाड़ा (लैन नंबर 475RMS99249067) 1. हाकिम खान (कर्जदार) पताः राजतालाब सरगरवाड़ा बांसवाड़ा बांसवाड़ा-327001 2. गुलनाज बी (सह-कर्जदार) श्री राम कॉलोनी दाहोद रोड बांसवाड़ा बांसवाड़ा-327001 | अग्रलिखित गैर-कृषि सम्पत्ति का समस्त भाग : प्लॉट 32X30 फीट एरिया 960 वर्ग फुट वाके ग्राम भवनपुरा पटवार हल्का ठिकरिया तहसील और जिला बांसवाड़ा राजस्थान-327001, पूर्वः- अन्य का प्लॉट, पश्चिमः- श्रीमती वैशा तीरगर को बेचे गए प्लॉट का हिस्सा, उत्तरः- सड़क 15 फीट, दक्षिणः- प्लॉट का बाकी हिस्सा | 18 अप्रैल, 2023 रु. 6,14,890/- (रुपये छः लाख चौदह हजार आठ सौ नब्बे मात्र) | 12-जुलाई-2023 |

**साथः** प्लॉट 32X30 फीट एरिया 960 वर्ग फुट वाके ग्राम भवनपुरा पटवार हल्का ठिकरिया तहसील और जिला बांसवाड़ा राजस्थान-327001

तिथि : 17.07.2023 स्थान : बांसवाड़ा — अधिकृत प्राधिकारी बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

### IDBI BANK — आईडीबीआई बैंक लिमिटेड

(CIN-L65190MH2004GOI148838)
एनपीए मैनेजमेंट ग्रुप, एससीओ 72-73, प्रथम तल, बैंक स्क्वायर, सेक्टर 17-बी, चंडीगढ़ - 160017, वेबसाइट : www.idbibank.in

**साशय चूककर्ता समिति के निर्णय की सूचना**

मैसर्स राम देव इंटरनैशनल लिमिटेड (आरडीआईएल - कर्जदार)
पंजीकृत पता : ए/3-214, सेक्टर-17, रोहिणी, नई दिल्ली-110085

एतद्द्वारा नीचे वर्णित व्यक्तियों को सूचना दी जाती है कि आरबीआई मास्टर सर्कुलर दिनांकित **01 जुलाई, 2015** में निर्धारितानुसार **साशय चूककर्ताओं** की पहचान हेतु कार्यवाही आरंभ की जा चुकी है तथा **साशय चूककर्ता समिति** के निर्णय के संबंध में **आईडीबीआई बैंक** द्वारा आपको जारी सूचना पत्र दिनांकित **22 जून, 2023** अवितरित के रूप में/वापस प्राप्त हो चुका है :-

| नाम एवं पता | पदनाम | साशय चूक हेतु मानदंड |
|---|---|---|
| **श्री नरेश कुमार पुत्र श्री ओम प्रकाश** निवासी मकान नंबर 1727, सेक्टर-13, अर्बन एस्टेट, करनाल, हरियाणा-132001 निवासी मकान नंबर 1305, सेक्टर-7, करनाल, हरियाणा-132001? | आरडीआईएल के पूर्णकालिक निदेशक, प्रवर्तक, केएमपी | **क्र. सं. 2.1.3 (बी) निधियों का विचलन :- यूनिट ने ऋणदाता के प्रति इसके भुगतान/प्रतिभुगतान दायित्वों की पूर्ति में चूक की है तथा ऋणदाता से उधार लिए गए धन का उपयोग उन विनिर्दिष्ट प्रयोजनों हेतु नहीं किया गया है, जिनके लिए यह प्राप्त किया गया था, अपितु धन का विचलन अन्य प्रयोजनों हेतु किया गया है।** **2.2.1 (बी)** उधार ली गई निधियों का उपयोग ऋण की स्वीकृति से इतर प्रयोजनों/गतिविधियों अथवा आस्तियों के सृजन में किया गया। |
| **श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री ओम प्रकाश** निवासी मकान नंबर 1240, सेक्टर-7, अर्बन एस्टेट, करनाल, हरियाणा-132001 निवासी मकान नंबर 315-ए, सेक्टर-14, अर्बन एस्टेट, करनाल, हरियाणा-132001 | आरडीआईएल के प्रबंध निदेशक, प्रवर्तक, केएमपी | |
| **श्रीमती संगीता पुत्री श्री अमृत लाल बंसल** निवासी मकान नंबर 694, ग्राम रनवार, करनाल, हरियाणा-132001 | आरडीआईएल के अतिरिक्त निदेशक | |
| **श्री प्रमोद कुमार पुत्र श्री अजय पाल सिंह** निवासी मकान नंबर 1223, सेक्टर-13, करनाल, हरियाणा-132001 | आरडीआईएल के निदेशक | |
| **श्रीमती संगीता पुत्री श्री विशम्बर दयाल** निवासी मकान नंबर 1240, सेक्टर-7, करनाल, हरियाणा-132001 | आरडीआईएल के निदेशक | |
| **मैसर्स सुनार फूड्स प्राइवेट लिमिटेड** पंजीकृत कार्यालय : ए/3-214, सेक्टर-17, रोहिणी, नई दिल्ली-110085 | आरडीआईएल के कार्पोरेट गारंटर | |
| **मैसर्स सत्कार एग्रो टेक प्राइवेट लिमिटेड** पंजीकृत कार्यालय : ए/3-214 बी, सेक्टर-17, रोहिणी, नई दिल्ली-110085 | आरडीआईएल के कार्पोरेट गारंटर | |

उपरोक्त व्यक्ति, यदि वे इच्छुक हैं, अपना अतिरिक्त अभिवेदन लिखित रूप में, इस सूचना की तिथि से **15 दिन** के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं, कि उनको **साशय चूककर्ता** घोषित कर उसकी रिपोर्ट **आरबीआई** को क्यों नहीं दी जाए।

भवदीय,
तिथि : 15-07-2023 स्थान : चंडीगढ़ हस्ता./- **(अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)**

### Educomp — एड्यूकॉम्प सॉल्यूशन्स लिमिटेड

CIN: L74999DL1994PLC061353
पंजी. कार्यालय : 1211, पद्मा टावर,-I-5, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110008
ई-मेल: investor.services@educomp.com, वेबसाइट: www.educomp.com

**31 दिसम्बर, 2020 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु वित्तीय परिणामों का विवरण**

(रूपए लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 31/12/2020 (अलेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 30/09/2020 (अलेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 31/12/2019 (अलेखापरीक्षित) | नौ माह समाप्त 31/12/2020 (अलेखापरीक्षित) | नौ माह समाप्त 31/12/2019 (अलेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31/03/2020 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 17.23 | 39.11 | 121.44 | 84.80 | 470.14 | 966.10 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर, अपवाद मदों तथा असाधारण मदों से पूर्व | (698.32) | (422.21) | (1,300.32) | (2,988.29) | (4,206.47) | (14,366.42) |
| 3. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पूर्व किंतु अपवाद मदों तथा असाधारण मदों के पश्चात | (698.32) | (422.21) | (1,300.32) | (2,988.29) | (4,206.47) | (15,136.83) |
| 4. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर, अपवाद मदों तथा असाधारण मदों के पश्चात | (698.32) | (422.21) | (1,300.32) | (2,988.29) | (4,206.47) | (15,136.83) |
| 5. | कुल व्यापक आय | (698.32) | (422.21) | (1,300.32) | (2,988.29) | (4,206.47) | (15,101.39) |
| 6. | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 2/- प्रत्येक) | 2,449.34 | 2,449.34 | 2,449.34 | 2,449.34 | 2,449.34 | 2,449.34 |
| 7. | संचेय पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर | | | | | | (2,97,888.98) |
| 8. | प्रतिभूति प्रीमियम खाता | 1,02,403.24 | 1,02,403.24 | 1,02,403.24 | 1,02,403.24 | 1,02,403.24 | 1,02,403.24 |
| 9. | शुद्ध मूल्य | (2,88,439.56) | (2,88,760.27) | (2,77,942.73) | (2,88,439.56) | (2,77,942.73) | (2,90,195.17) |
| 10. | प्रदत्त ऋण पूंजी/बकाया ऋण | 2,55,420.59 | 2,55,780.41 | 2,53,598.85 | 2,55,420.59 | 2,53,598.85 | 2,57,091.39 |
| 11. | बकाया पुनर्मोच्य अधिमान शेयर | - | - | - | - | - | - |
| 12. | ऋण इक्विटी अनुपात | | (0.89) | | | | (0.89) |
| 13. | प्रति शेयर (हानि)/अर्जन (असाधारण मदों से पूर्व और पश्चात) (अ-वार्षिककृत) | | | | | | |
| | (क) मूल | (0.57) | (0.34) | (1.06) | (2.44) | (3.43) | (12.36) |
| | (ख) तनुकृत | (0.57) | (0.34) | (1.06) | (2.44) | (3.43) | (12.36) |
| 14. | पूंजी पुनर्मोचन संचेय | - | - | - | - | - | - |
| 15. | ऋणपत्र पुनर्मोचन संचेय | - | - | - | - | - | - |
| 16. | ऋण सेवा व्याप्ति अनुपात | | (9.96) | | | | (37.56) |
| 17. | ब्याज सेवा व्याप्ति अनुपात | | (10.33) | | | | (38.44) |

नोट :
उपरोक्त परिणाम सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के अधीन स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए 31 दिसम्बर, 2020 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारकित रूप है। तिमाही और नौ माह हेतु वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेन्ज वेबसाइट नामतः, बीएसई लिमिटेड, **(www.bseindia.com)** नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड **(www.nseindia.com)** तथा कम्पनी की वेबसाइट **(www.educomp.com)** पर उपलब्ध है।

कृते **एड्यूकॉम्प सॉल्यूशन्स लिमिटेड**
(सीआईआरपी के अधीन)
हस्ता./-
**महेन्द्र खंडेलवाल**
समाधान प्रोफेशनल
रेकार्डबद्ध किया गया
IBBI Reg. No IBBI/IPA-001/IP-P00033/2016-17/10086

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 15/07/2023

### Educomp — एड्यूकॉम्प सॉल्यूशन्स लिमिटेड

CIN: L74999DL1994PLC061353
पंजी. कार्यालय : 1211, पद्मा टावर,-I-5, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110008
ई-मेल: investor.services@educomp.com, वेबसाइट: www.educomp.com

**30 सितम्बर, 2020 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध वर्ष हेतु वित्तीय परिणामों का विवरण**

(रूपए लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 30/09/2020 (अलेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 30/06/2020 (अलेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 30/09/2019 (अलेखापरीक्षित) | अर्द्ध वर्ष समाप्त 30/09/2020 (अलेखापरीक्षित) | अर्द्ध वर्ष समाप्त 30/09/2019 (अलेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31/03/2020 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 39.11 | 28.46 | 173.08 | 67.57 | 348.70 | 966.10 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर, अपवाद मदों तथा असाधारण मदों से पूर्व | (422.21) | (1,867.76) | (1,838.12) | (2,289.97) | (2,906.15) | (14,366.42) |
| 3. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पूर्व किंतु अपवाद मदों तथा असाधारण मदों के पश्चात | (422.21) | (1,867.76) | (1,838.12) | (2,289.97) | (2,906.15) | (15,136.83) |
| 4. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर, अपवाद मदों तथा असाधारण मदों के पश्चात | (422.21) | (1,867.76) | (1,838.12) | (2,289.97) | (2,906.15) | (15,136.83) |
| 5. | कुल व्यापक आय | (422.21) | (1,867.76) | (1,838.12) | (2,289.97) | (2,906.15) | (15,101.39) |
| 6. | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 2/- प्रत्येक) | 2,449.34 | 2,449.34 | 2,449.34 | 2,449.34 | 2,449.34 | 2,449.34 |
| 7. | संचेय पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर | | | | | | (2,97,888.98) |
| 8. | प्रतिभूति प्रीमियम खाता | 1,02,403.24 | 1,02,403.24 | 1,02,403.24 | 1,02,403.24 | 1,02,403.24 | 1,02,403.24 |
| 9. | शुद्ध मूल्य | (2,88,760.27) | (2,90,644.67) | (2,77,034.15) | (2,88,760.27) | (2,77,034.15) | (2,90,195.17) |
| 10. | प्रदत्त ऋण पूंजी/बकाया ऋण | 2,55,780.41 | 2,57,320.67 | 2,52,989.24 | 2,55,780.41 | 2,52,989.24 | 2,57,091.39 |
| 11. | बकाया पुनर्मोच्य अधिमान शेयर | - | - | - | - | - | - |
| 12. | ऋण इक्विटी अनुपात | (0.89) | | (0.91) | (0.89) | (0.91) | (0.89) |
| 13. | प्रति शेयर (हानि)/अर्जन (असाधारण मदों से पूर्व और पश्चात) (अ-वार्षिककृत) | | | | | | |
| | (क) मूल | (0.34) | (1.53) | (1.50) | (1.87) | (2.37) | (12.36) |
| | (ख) तनुकृत | (0.34) | (1.53) | (1.50) | (1.87) | (2.37) | (12.36) |
| 14. | पूंजी पुनर्मोचन संचेय | - | - | - | - | - | - |
| 15. | ऋणपत्र पुनर्मोचन संचेय | - | - | - | - | - | - |
| 16. | ऋण सेवा व्याप्ति अनुपात | (9.96) | | (14.40) | (9.96) | (14.40) | (37.56) |
| 17. | ब्याज सेवा व्याप्ति अनुपात | (10.33) | | (15.39) | (10.33) | (15.39) | (38.44) |

नोट :
उपरोक्त परिणाम सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के अधीन स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए 30 सितम्बर, 2020 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध वर्ष हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारकित रूप है। तिमाही और अर्द्ध वर्ष हेतु परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेन्ज वेबसाइट नामतः, बीएसई लिमिटेड, **(www.bseindia.com)** नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड **(www.nseindia.com)** तथा कंपनी की वेबसाइट **(www.educomp.com)** पर उपलब्ध है।

कृते **एड्यूकॉम्प सॉल्यूशन्स लिमिटेड**
(सीआईआरपी के अधीन)
हस्ता./-
**महेन्द्र खंडेलवाल**
समाधान प्रोफेशनल
रेकार्डबद्ध किया गया
IBBI Reg. No IBBI/IPA-001/IP-P00033/2016-17/10086

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 15/07/2023